भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **120**
गुरुवार, 02 फरवरी, 2023/ 13 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्णिया विमानपत्तन

120. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पूर्णिया विमानपत्तन को इस वर्ष व्यावसायिक रूप से चालू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इसके लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का पूर्णिया विमानपत्तन को पोर्टा केबिन की तर्ज पर शुरू करने का विचार हे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) और (ग): पूर्णिया हवाईअड्डा रक्षा मंत्रालय/भारतीय वायु सेना के अधिकारक्षेत्र में है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पूर्णिया में एक सिविल एन्क्लेव के विकास के लिए 50 एकड़ भूमि उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया था। राज्य सरकार ने जून, 2022 में बताया कि 52.18 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। हालांकि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उत्तरी भाग में भूमि मांगी थी और राज्य सरकार ने दक्षिणी भाग में भूमि का अधिग्रहण किया है। परियोजना की पूर्णता, राज्य सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को वांछित दिशा में भूमि उपलब्ध कराए जाने पर निर्भर करेगी।

*****